**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–23.06.2025 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सरायकेला–खरसावां में नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के नए प्रशासनिक भवन का किया उदघाटन, बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर हेमंत सरकार पर साधा निशाना।**
2. **भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुमका में मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल की गिनायी उपलब्धियां, कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में देश पूरी तरह से सुरक्षित।**
3. **कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य में ट्राइबल लीगल काउंसिल के गठन का दिया सुझाव, जमीन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए नए सिरे से सर्वे कराने की जरूरत पर दिया बल।**
4. **रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश से जनजीवन बेहाल, मौसम विभाग ने कल भी पूरे राज्य में बारिश और वज्रपात का जारी किया येलो अलर्ट।**
5. **अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर आज रांची समेत राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन, उभरते खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित।**

**********************

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने सरायकेला–खरसावां जिले के आदित्यपुर स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड सुपर मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल के नए प्रशासनिक भवन का आज उद्घाटन किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर निशाना साधा।

इससे पहले उन्होंने जमशेदपुर के पोखारी स्थित नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी के तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर 1700 छात्र–छात्राओं को डिग्री और 120 को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि केवल डिग्री हासिल करना काफी नहीं, युवाओं को रोजगार देने की क्षमता भी विकसित करनी चाहिए।

**********************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन मे देश पूरी तरह से सुरक्षित है। उन्होंने आज दुमका में नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 साल की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि 11 सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के लिए जो कल्याणकारी योजनाएं दी हैं, वे मिसाल हैं।

**********************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के संताल परगना दौरे पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि श्री दास का झारखंड मोह दूर नहीं हो रहा है। जामताड़ा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा जिस उदेश्य से संताल परगना पर फोकस कर रही है, उसमें वह कभी कामयाब नहीं होगी।

**********************

राष्ट्र ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम समावेशी विकास के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं – देश के अल्पसंख्यक समुदायों के लिए सशक्तीकरण, अवसर और सुधार की यात्रा। एक रिपोर्ट–

**********************

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि झारखंड में जमीन से जुड़ी समस्या एक बड़ा मुद्दा है, जिसे हल करने के लिए नए सिरे से सर्वे कराने की जरूरत है। रांची में आज मध्यप्रदेश, राजस्थान और झारखंड के आदिवासी विधायकों और सांसदों की बैठक में उन्होंने राज्य में ट्राइबल लीगल काउंसिल का गठन करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इससे आदिवासियों की जमीन से संबंधित मामलों का निबटारा समय पर किया जा सकेगा।

**********************

गोड्डा जिला में फूलो झानो आशीर्वाद योजना से महिलाओं के जीवन में बड़ा परिवर्तन आ रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**********************

राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में आज दोपहर बाद तेज बारिश हुई। रुक–रुक कर लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। निचले इलाकों में बने कई घरों में बारिश का पानी घुस आया है। कई क्षेत्रों में तेज बारिश का असर बिजली

व्यवस्था पर भी पड़ा है। इस बीच मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने राज्य के लगभग सभी जिलों में कल भी हल्के से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के दक्षिण और पश्चिम हिस्सों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ भारी बारिश होने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

**<u>*********************</u>**

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर आज राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राजधानी रांची में इस मौके पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान उभरते खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया। उधर चाईबासा के बिरसा मुंडा इंडोर स्टेडियम परिसर में जिला प्रशासन और जिला ओलंपिक संघ की ओर से आयोजित कार्यक्रम में क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता के साथ–साथ उत्कृष्ट खिलाड़ियों का सम्मान समारोह भी संपन्न हुआ। इस मौके पर खेल प्रेमी समिति के अध्यक्ष देव कुमार बनर्जी ने कहा कि वैसे खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया है जो अपने शहर, राज्य और देश के लिए विभिन्न खेलों में जौहर दिखा रहे हैं।

उधर, धनबाद में इस ऐतिहासिक दिवस पर रैली निकाल कर सप्ताहव्यापी खेल कार्यक्रमों की शुरुआत की गयी। रैली में स्कूली छात्र–छात्राओं के अलावा बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

**<u>*****************</u>**